आई फागण की रुत आई,
अब तो आजा श्याम कन्हाई,
तेरे मुखड़े पे मलके गुलाल,
कन्हैया कर देंगे कारे से लाल।।

तर्ज मैंने पायल है छनकाई।

सुनो जी बात हमारी,
प्रेम की भर पिचकारी,
आज लाये गिरधारी ओ सांवरिया,
श्याम अब मत शर्माओ,
हमें भी रंग लगाओ,
गले मेरे लग जाओ ओ सांवरिया,
बच ना पाओगे नन्द लाला,
आये गोपी संग में ग्वाला,
तेरे मुखड़े पे मलके गुलाल,
कन्हैया कर देंगे कारे से लाल।।

रंगे पीताम्बर आला,
तेरी बैजंती माला,
मान जाओ गोपाला ओ आ जाओ,
मुकुट और कुण्डल छलिया,
रंगेंगे काली कमलिया,
छुपाओ ना ये मुरलिया ओ आ जाओ,
बरसे प्यार का रंग मन हरषे,

आज ना जाएँ तेरे दर से,
तेरे मुखड़े पे मलके गुलाल,
कन्हैया कर देंगे कारे से लाल।।

भाव की है ये होली,
बना भक्तों की टोली,
आये तेरे हमजोली कन्हैया,
रजनी तुमसे बस चाहे,
तेरे रंग में रंग जाए,
होली हम साथ मनाएं कन्हैया,
कर दो स्नेह कृपा का तेरी,
तो रंग जाए दुनिया मेरी,
तेरे मुखड़े पे मलके गुलाल,
कन्हैया कर देंगे कारे से लाल।।

आई फागण की रुत आई,
अब तो आजा श्याम कन्हाई,
तेरे मुखड़े पे मलके गुलाल,
कन्हैया कर देंगे कारे से लाल।।

Singer Rajni Rajasthani

Source:
https://www.bharattemples.com/aayi-fagan-ki-rut-aayi-ab-to-aaja-shyam-kanhai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw